Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examdegreecell@rtu.ac.in

Dated: 12.02.2025

अति–आवश्यक सुचना
(विद्यार्थी पोर्टल पर डिग्री डाटा अपडेट करने बाबत् दिशा–निर्देश)

विश्वविद्यालय चतुर्दशः (XIV) दीक्षान्त समारोह दिनांक **25 मार्च, 2025** को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सत्र 2023–24 (वर्ष 2024 उत्तीर्ण बैच) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जावेगी। वर्ष 2024 उत्तीर्ण बैच (passout students) एवं उससे पूर्व उत्तीर्ण बैच के शेष रहे विद्यार्थियों का डिग्री डाटा विश्वविद्यालय के स्टुडेन्ट पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। सभी योग्य विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे पोर्टल पर उपलब्ध अपना डिग्री डाटा को बहुत ही सावधानीपूर्वक चैक (यथा–विद्यार्थी का सही नाम–अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में, नामांकन संख्या, फोटो, उत्तीर्ण वर्ष, उत्तीर्ण श्रेणी, ब्रांच का नाम–अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में, कॉलेज का नाम–अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में) करना एवं उसमें किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर वांछित दस्तावेजों सहित प्रकरण अपने महाविद्यालय को **दिनांक 17 फरवरी, 2025** तक कार्यालय समय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

महाविद्यालय विद्यार्थी के डिग्री डाटा में वान्छित त्रुटि को विश्वविद्यालय वैब पोर्टल पर सम्बधित दस्तावेज अपलोड करते हुए **दिनांक 18 फरवरी, 2025 सांय 05.00 बजे** तक दुरस्त करना सुनिश्चित करें। इस प्रक्रिया में विद्यार्थी अथवा कॉलेज के स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही पायी जाती है तो उसके लिए संबंधित विद्यार्थी/कॉलेज पूर्ण रूप से उतरदायी होगा।

विद्यार्थी विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर विद्यार्थियों द्वारा डिग्री डाटा चैक करने की अंतिम तिथि **17 फरवरी, 2025** एवं महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के डिग्री डाटा में वांछित संशोधन (रिकार्ड अनुसार) अपडेट करने की अंतिम तिथि **18 फरवरी, 2025** नियत की गई है, इसके पश्चात किसी भी परिस्थिति में अन्तिम तिथि में अभिवृद्धि नही की जावेगी। समस्त महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि वे डिग्री डाटा के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाली त्रुटियों को अंतिम तिथि का इंतजार किये बिना जैसे–जैसे प्राप्त होती है वैसे–वैसे ही अंतिम तिथि से पूर्व अपडेट (दिशा–निर्देशानुसार) करना सुनिश्चित करें। अतः नियत तिथि तक योग्य विद्यार्थियों का डिग्री डाटा आवश्यक रूप से चैक/अपडेट करना सुनिश्चित करें।